

संपर्क हेतु

अंतर सेवा फाउंडेशन
सेक्टर 78,नोएडा,उत्तरप्रदेश
ई मेल :antasfoundation@gmail.com
www.antasfoundation.com

सदस्यता फॉर्म

घोषणा

मैं 'अंतस् फाउंडेशन' को स्थापित करने के उद्देश्य एवं दृष्टिकोण से प्रेरित होकर इस श्रेष्ठ कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान के लिए इच्छुक हूं। इस हेतु नियमित सदस्यता के लिए मेरा नामांकन किया जाय। अपने विषय में उपरोक्त विवरण के साथ अपनी स्वेच्छा से...................... राशि का अंशदान कर रहा/रही हूं।

नाम...............................आयु.......................

पिता / पति का नाम..............फोन /मोबाइल नं...............

व्यवसाय............................. ई मेल.........................

दिनांक...............................हस्ताक्षर.....................

नोट- अंतस् फाउंडेशन (रजि.) को देय अंश राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80-जी के अंतर्गत निधारित छूट प्राप्त है।

अंतस् फाउंडेशन

परिचय

अंतस् फाउंडेशन (रजि.) मानव मूल्यों के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हुए इस हेतु पूर्ण समर्पण भाव से अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रयास में विगत कई वर्षों से कार्यरत हैं | हमारा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न ईश्वरीय गुणों से परिपूर्ण होता है |समय से अपने गुणों को न पहचान पाने अथवा किसी अन्य के दृष्टिगोचर न होने के कारण अपने इन गुणों को परिलक्षित नहीं कर पाता | कौशल विकास के माध्यम से अंतस् फाउंडेशन समाज के विभिन्न वर्गों की क्षमता एवं दक्षता को तराशने एवं अवसर प्रदान करने हेतु प्रयासरत हैं | "जागृति -परिवर्तन -उत्थान" की अवधारणा से ओत-प्रोत हमारी संस्था सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में सदैव तत्पर है |

दृष्टिकोण

ब्रम्हांड के प्रत्येक ग्रह, नक्षत्र, तारे, हमारी पृथ्वी पर व्याप्त प्रकृति, बड़े से बड़ा या सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव से परस्पर कहीं न कहीं कोई संबंध स्थापित होता ही होता है। इसी संबंध को महसूस करते हुए खासतौर पर मानव जाति और जीवन के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के उद्देश्य से अंतस् फाउंडेशन का गठन किया गया है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चिंतन से ओतप्रोत हमारी संस्था एक बेहतर समाज और भविष्य की परिकल्पना को जमीनी हकीकत प्रदान करने की दिशा में अग्रसित है। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ गुण ऐसे होते हैं जिन्हें थोड़ी सी मेहनत और संबल से उभारा जा सकता है। हमारा प्रयास आज के बच्चों और युवाओं को तराश कर एक सकारात्मक जीवन शैली के साथ रोजगारपरक बनाना है। समाज में वंचित और जरूरतमंदों तक आवश्यक मदद के द्वारा उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करना। बुजुर्गो में जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बनाए रखने के साथ आने वाली पीढ़ी को गढ़ने के हुनर को श्रृंखलाबद्ध करना।

उद्देश्य

अंतस् फाउंडेशन के माध्यम से हमारा प्रयास है कि...

* मनुष्य के मौलिक गुणों को निखार कर उन्हें रोजगार परक बनाना ।

* कलाकारों और रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को मंच प्रदान करना।

* समाज में विलुप्त होते नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु प्रयास करना।

* वंचित और सक्षम लोगों के मध्य सेतु का कार्य करना।

* उम्र के किसी भी पड़ाव या कारण से व्याप्त मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों में जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भरने का प्रयास।

हमारा प्रयास रहेगा कि अपने ध्येय शब्द "जागृति, परिवर्तन, उत्थान" को जन जन के मन में स्थापित कर एक बेहतर समाज की परिकल्पना को साकार रूप प्रदान कर सकें।

सामाजिक एवं नैतिक "जागृति परिवर्तन उत्थान" में सहभागिता का सुनहरा अवसर